# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,आगरा

## (पूर्ववर्तीःआगरा विश्वविद्यालय,आगरा)

---

पत्रांक परीक्षा/542/2025 दिनांकः 16/5/2025

## अधिसूचना

विश्वविद्यालय की वर्ष 2025 की एल0एल0बी0 प्रथम वर्ष /बी0ए0एल0एल0बी0 प्रथम वर्ष की परीक्षाऐं जो कि दिनांक 20.05.2025 से आयोजित होना प्रस्तावित थी को प्राचार्य, श्री बाबूलाल विधि महाविद्यालय, मथुरा, पूरन गोपाल शुक्ला नेशनल कॉलेज ऑफ लॉ, मथुरा, गिर्राज महाराज कॉलेज ऑफ लॉ, मथुरा, एस0के0बी0 कॉलेज ऑफ लॉ, मथुरा के इस अनुरोध पर कि उनके यहॉ एल0एल0बी0 प्रथम/बी0ए0एल0एल0बी0 प्रथम पाठयक्रम के छात्र/छात्राओं का पठन–पाठन पूर्ण नही हो सका है के दृष्टिगत छात्रहित में उक्त पाठयक्रमों की परीक्षाओं को स्थगित किया जाता है। जिसका परीक्षा कार्यक्रम पृथक से घोषित किया जायेगा।

साथ ही उक्त पाठयक्रम से सम्बन्धित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि छात्रहित में छात्र/छात्राओं की अतिरिक्त कक्षाऐं लगाकर पठन–पाठन शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण कराते हुये उपस्थिति पत्रक की छायाप्रति शपथ पत्र के साथ परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में इस आशय के साथ जमा करना सुनिश्चित करें कि छात्र/छात्राओं का पठन पाठन मानकानुकूल पूर्ण करा दिया गया है जिससें उक्त छात्रों की परीक्षा अग्रेत्तर निर्णय लिया जा सके। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि एल0एल0बी0 द्वितीय व तृतीय वर्ष/बी0ए0एल0एल0बी0 द्वितीय,तृतीय,चतुर्थ व पंचम वर्ष की परीक्षायें घोषित कार्यक्रम के अनुसार यथा समय/पाली पर ही आयोजित होगीं।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराने का कष्ट करें।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
3. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. अधिकृत एंजेन्सी–2025 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक